पत्र संख्या-स्था-5(ग) आ0ले0प0 /मानव सम्पदा / 2023-2024/ 360 / राज्य कर

कार्यालय- आयुक्त, राज्य कर उत्तर प्रदेश
(स्थापना -अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ // दिनॉक // 26 -04- 2024

समस्त जोनल अपर आयुक्त , राज्य कर
उत्तर प्रदेश ।

कृपया इस कार्यालय के पत्र संख्या 5424 दि0 13.03.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा निदेशक, आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा, उत्तर प्रदेश 510/217, न्यू हैदराबाद, लखनऊ के पत्र संख्या आ0ले0प0- 4412/8160/अधि0/मानव सम्पदा पोर्टल/2018, लखनऊ दिनांक 21.02.2023 संलग्न कर प्रेषित करते हुए मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से मेरिट बेस्ड आनलाइन ट्रांसफर सिस्टम विकसित किए जाने के सम्बंध में राज्य कर विभाग के कार्यालयों की कार्यालय आई0डी0 व लागिन पासवर्ड कतिपय निर्देशों ( भविष्य में लेखा, लेखा परीक्षा तथा सहायक लेखाधिकारी संवर्ग के अधिकारी / कार्मिकों की सेवा विवरण अद्यतन करने ) के सम्बन्ध में पत्र प्रेषित किया गया था तथा अपेक्षा की गयी थी कि राज्य कर मुख्यालय में आपके अधीन लेखा परीक्षा एवं लेखाकार संवर्ग के कार्यरत कार्मिकों का डाटा पत्र में दिये गये निर्देशानुसार पूर्व में मानव सम्पदा हेतु नामित कार्मिक के माध्यम से फीड करवाते हुए सूचना इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में किसी भी अन्य जानकारी हेतु आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा, उत्तर प्रदेश 510/217, न्यू हैदराबाद, लखनऊ निदेशालय के श्री यदुवेश चतुर्वेदी, लेखाकार ( 9450000532 एवं 8318766201) से सम्पर्क स्पापित किया जा सकता है।

अपर निदेशक, आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा, उत्तर प्रदेश 510/217, न्यू हैदराबाद, लखनऊ ने अपने पत्र संख्या आ0ले0प0- 200/8160/मानव सम्पदा लेखा / 2024, लखनऊ दिनांक 18.04.2024 प्रेषित करते हुए अवगत कराया है कि अधिकॉश कर्मियों द्वारा फीड किया गया डाटा त्रुटिपूर्ण है जिसे संशोधित करने हेतु निर्देश पत्र में प्रसारित किये गये हैं।

अतः अपर निदेशक, आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा, उत्तर प्रदेश 510/217, न्यू हैदराबाद, लखनऊ का पत्र संख्या आ0ले0प0- 200/8160/मानव सम्पदा लेखा / 2024, लखनऊ दिनांक 18.04.2024 इस आशय के साथ संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है कि निदेशालय द्वारा पत्र में दिये गये निर्देशों के क्रम में प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करवाने का कष्ट करें।

संलग्नक : उपरोक्तानुसार।

( सुनील कुमार वर्मा )
अपर आयुक्त (प्रशासन) राज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या एवं दिनांक उक्त।

*प्रतिलिपि-* संयुक्त आयुक्त (आई0टी0) राज्य कर, मुख्यालय को विभागीय वेबसाइट के सूचना बोर्ड पर अपलोड कराने हेतु ।

( प्रबल कुमार )
संयुक्त आयुक्त(स्था0अराज0)राज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ।

# आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा उत्तर प्रदेश
## 510/217, नया हैदराबाद, लखनऊ।

websit-upiaad.up.gov.in
E-mail-dia.upfinance@gmail.com
Telephone-0522-4331772/0522-4331773
E.H.R.M.S. Code-1531435

आ0ले0प0– 200 /8160/मानव सम्पदा/लेखा0/24, लखनऊ, दिनांक– 18-4-2024

**कार्यालय–ज्ञाप**

मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र सं0–7/2023/293/सामान्य/सैंतालीस–का–4–2023 दिनांक–03.08.2023 के अनुपालन में राज्य कर्मचारियों को ससमय, सुरक्षित, त्वरित तथा पारदर्शी सेवायें प्रदान करने के सम्बन्ध में एन0आई0सी0 द्वारा विकसित मानव सम्पदा पोर्टल पर कार्मिकों का सेवा विवरण अद्यतन किया जाना (नियुक्ति, कार्यभार ग्रहण, कार्यमुक्ति, अवकाश प्रबन्धन आदि) मेरिट बेस्ड ऑनलाइन ट्रांसफर सिस्टम, वार्षिक मूल्याकंन रिपोर्ट प्रबंधन, वेतन आहरण, सेवा पुस्तिका प्रबन्धन आदि से सम्बन्धित समस्त कार्य 01 अक्टुबर, 2023 से उक्त पोर्टल के माध्यम से सम्पादित किया जाना है। आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय के अधीन लेखा संवर्ग के कार्मिक (यथा सहायक लेखाधिकारी, लेखाकार, सहायक लेखाकार, लेखा परीक्षक, ज्येष्ठ लेखा परीक्षक) जो विभिन्न विभागों/कार्यालयों में कार्यरत हैं का उक्त डाटा मानव सम्पदा पोर्टल पर अपडेट किये जाने हेतु इस निदेशालय के द्वारा समस्त सम्बन्धित विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष उ0प्र0 को 10 पत्र प्रेषित किये जा चुके हैं। अन्तिम पत्र सं0–अ0ले0प0–4097 दिनांक–07.03.2024 द्वारा पुनः अनुरोध किया गया हैं।

निदेशालय स्तर से परीक्षण करने पर पाया गया हैं कि अधिकांश कार्मिकों द्वारा फीड किया गया डाटा अपूर्ण अथवा त्रुटिपूर्ण हैं। कार्मिकों के अपूर्ण अथवा त्रुटिपूर्ण डाटा ठीक करानें के लिए निदेशालय स्तर पर ही कार्यवाही करायें जाने का निर्णय लिया गया हैं।

अतः आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय द्वारा नामित निम्न मुख्यालय/जनपदीय कार्यालय के मानव सम्पदा पोर्टल नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि मानव सम्पदा पोर्टल पर फीड किये गये डाटा में त्रुटियों के सुधार हेतु कार्यरत समस्त लेखा, लेखा परीक्षा, सहायक लेखाधिकारी संवर्ग के कार्मिकों की मूल सेवा पुस्तिका (सेवा पुस्तिका की छाया प्रतियॉं दो सेट सहित) दिनांक–19.04.2024 से 26.04.2024 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे निदेशालय में अपने सहकर्मियों के साथ उपस्थिति होना सुनिश्चित करें। यदि किसी कार्मिक की सेवानिवृत्ति दिनांक–31.03.2024 तक हो गयी हो तो सम्बन्धित कार्मिक की सेवा पुस्तिका अथवा सेवा पुतिका की छाया प्रति भी साथ में अनिवार्य रूप से लायें, साथ ही आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा प्रेषित office id, Data entry operator id, एवं e-service book correction id भी साथ लाना सुनिश्चित करें।

| जनपद लखनऊ के निदेशालय, मण्डलीय एवं जनपद स्तरीय कार्यालय | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वन | राजस्व | सिंचाई | पिछड़ा वर्ग | बेसिक शिक्षा | लघु सिंचाई | स्थानीय निकाय, |
| खेल | सूचना | पशुपालन | पंचायत राज | माध्यमिक शिक्षा | विधुत सुरक्षा | प्रशिक्षण संस्थान |
| कृषि | संग्राहलय | होम्योपैथी | बाल विकास | कृषि विपणन | राज्य सम्पत्ति | खाद्य एवं रसद |
| पेंशन | चकबन्दी | होमगार्डस | ग्राम्य विकास | एन0सी0सी0 | ग्राम्य नियोजन | भूतत्व एवं खनिज |
| आयुर्वेद | परिवहन | दिव्यांगजन | समाज कल्याण | दुग्ध विकास | शारदा सहायक | लोक निर्माण विभाग |
| उद्यान | कारागार | अल्पसंख्यक | परिवार कल्याण | वाणिज्य कर | प्राविधिक शिक्षा | विधिक माप विज्ञान। |
| पर्यटन | चिकित्सा | सहकारिता | महिला कल्याण | पंचायत राज | ग्रामीण अभियंत्रण | |

भवदीय,

(रवीन्द्र कुमार)
अपर निदेशक

पत्रांक एवं दिनांक तैदवः–

प्रतिलिपि–सूचनार्थ हेतु प्रेषित।

1– विशेष सचिव, वित्त (सेवाए) अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2– सम्बन्धित विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3– सम्बन्धित नोडल अधिकारी को अनुपालनार्थ।
4– सम्बन्धित लेखा, लेखा परीक्षा एवं सहायक लेखाधिकारी संवर्ग के समस्त कार्मिक।
5– प्रभारी नजारत अनुभाग को इस निर्देश के साथ कि उक्त आगंतुक कार्मिक के अल्पाहार हेतु आवश्यक व्यवस्था तथा एक चतुर्थ श्रेणी कर्मी की तैनाती की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

(रवीन्द्र कुमार)
अपर निदेशक।